आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 08.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दूरसंचार क्षेत्र में देश की सफलता आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण की मजबूती को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आज देश के हर जिले में 5जी कवरेज है। श्री मोदी आज नई दिल्ली के यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 के नौवें संस्करण का उद्‌घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में डिजिटल कनेक्टिविटी अब केवल एक विशेषाधिकार या विलासिता नहीं रह गई है, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय के जीवन का अभिन्न अंग बन गई है। इस अवसर पर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि देश की दूरसंचार क्रांति फोर–डी –डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिजिटल फर्स्ट और डिलीवरी पर आधारित है। श्री सिंधिया ने कहा कि देश के 99 दशमलव 9 प्रतिशत जिले अब 5–जी नेटवर्क से जुड़ चुके हैं। गौरतलब है कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम में दूरसंचार और उभरती प्रौद्योगिकियों में नवीनतम प्रगति को रेखांकित किया जाएगा। इसमें वैश्विक नेता, नीति निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ भाग ले रहे है।

0000

वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा है कि भारतीय वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में भारतीय वायु सेना के अनुकरणीय प्रदर्शन ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। गाजियाबाद स्थित हिंडन एयर बेस पर 93वें वायु सेना दिवस के अवसर पर आज आयोजित एक समारोह में, एयर चीफ मार्शल ने कहा कि परिचालन योजनाओं में नई प्रणालियों, हथियारों और उपकरणों के एकीकरण की गति में बढ़ोतरी एक महत्वपूर्ण सफलता है। समारोह में झुंझुनूं जिले के सपूत शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा को वायु सेना मेडल से सम्मानित किया गया। शहीद की वीरांगना सीमा मोगा ने वायु सेना प्रमुख से ये मेडल प्राप्त किया। वायुसेना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने वायु सेना के सभी साहसी योद्धाओं और उनके परिवारों को शुभकामनाएँ दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में वायु सेना को वीरता, अनुशासन और सटीकता की प्रतिमूर्ति बताया है। वहीं मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने सोशल मीडिया सदेंश में वायुसेना के सभी जाबाज वीरों के साहस शौर्य और बलिदान को नमन किया।

0000

श्रीगंगानगर जिले के जैतसर थाना क्षेत्र में आज सुबह एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सूरतगढ़–अनूपगढ़ स्टेट हाईवे–94 पर गांव पांच जीबी पुलिया के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। कार में सवार पांच युवक अनूपगढ़ से सूरतगढ़ की ओर जा रहे थे। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायलों को श्रीगंगानगर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

0000

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से चल रही बारिश के बाद मौसम में बदलाव आया है। अब सुबह और रात के समय गुलाबी सर्दी का एहसास होने लगा है। जयपुर, नागौर और सीकर सहित कई शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। सीकर और श्रीगंगानगर में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। ग्रामीण इलाकों में दृश्यता कम रही जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य में सर्वाधिक 43 मिलीमीटर बारिश धौलपुर के बाड़ी में दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे कम 17 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान पिलानी में दर्ज़ किया गया। विभाग के अनुसार, प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने प्राध्यापक कृषि (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2025 की तारीख घोषित कर दी है। परीक्षा का आयोजन अगले साल 31 मई से 16 जून तक माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत होने वाली प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा, 2025 के साथ किया जाएगा। वहीं, कनिष्ठ विधि अधिकारी 2025 की परीक्षा अगले साल छब्बीस और सत्ताईस जुलाई को प्रस्तावित की गई है। गौरतलब है की आयोग की ओर से अगले साल जनवरी से जुलाई तक तेरह हजार से अधिक पदों के लिए परीक्षाओं का आयोजन होगा। जिनमें छब्बीस लाख से अधिक अभ्यर्थियों के भाग लेने की संभावना है।

0000